राष्ट्रीय सहारा

NEC

NEC launch exclusive range of Wires & Cables in Greater Noida
Print Media | Page No.: 05
Date: 26-10-2020

ग्रेटर नोएडा में दो सौ करोड़ का निवेश करेगी एनईसी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा।

शहर में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने के लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास द्वारा किया जा रहा प्रयास धरातल पर उतरने लगा है। एनईसी कंपनी ग्रेटर नोएडा में दो सौ करोड़ रुपए का निवेश करेगी। रविवार को कंपनी ने ईकोटेक-1 एक्सटेंशन कासना में अपने अत्धुनिक विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया। कंपनी में जर्मन टेक्नोलॉजी से हाउस वायर्स बनेंगे। इससे रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण प्रदेश सरकार की औद्योगिक नीति के तहत निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। ढांचागत संस्थान के साथ उद्यमियों को बेहतर सुविधाएं देने का आश्वासन दिया जा रहा है। नित्या ग्रुप के सीएमडी प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रेटर नोएडा में विशेष श्रेणी के तारों और केबल्स के उत्पादन के लिए अत्याधुनिक विनिर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया गया। कंपनी 100 प्रतिशत निर्माण ग्रेटर नोएडा में करेगी। इन उत्पादों को तकनीकी रूप से योग्य और अच्छी तरह से अनुभवी इंजीनियरों की एक टीम ने डिजायन किया है। यह उत्तर प्रदेश में तारों का और केबल्स का सबसे बड़ा विनिर्माण संयंत्र होगा। उन्होंने बताया कि मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए एनईसी अगले पांच वर्षों के लिए दो सौ करोड़ रुपए का निवेश करने के लिए तैयार है। इससे रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही कंपनी स्वच्छ और हरित ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित करेगी।

रोजगार के नए अवसर होंगे पैदा

ग्रेनो में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्राधिकरण द्वारा लगातार किया जा रहा प्रयास

Link: http://rashtriyasahara.com/epaper/1/71/2020-10-26/1